हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 जून 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 श्रद्धाभाव के साथ मना डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का...



09 योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि यह...



## खबर संक्षेप

### गांव में शिविर के माध्यम से बन रहे आधार कार्ड

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चिन्हित 86 गांवों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन जारी है। हर दिन 5-6 गांवों में शिविर लगाकर 13 विभागों की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता स्वयं निगरानी कर रहे हैं। सोमवार को बासौदा विकासखंड के ग्राम उकायला में आयोजित शिविर में आधार कार्ड बनाए गए। पूरब सहरिया, मुस्कान आदिवासी, लक्ष्मीनारायण व छात्रा रागिनी का मौके पर आधार कार्ड बनाकर प्रदाय किया गया। सभी विभागों के अधिकारी शिविरों में उपस्थित रहे।

### बलरामपुर में पेयजल परीक्षण की जानकारी दी फील्ड टेस्ट किट वितरित

**विदिशा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा लटेरी विकासखंड के ग्राम बलरामपुर में पेयजल परीक्षण एवं दूषित जल से होने वाली बीमारियों की जानकारी ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को दी गई। पेयजल स्त्रोतों की जांच ग्राम स्तर पर ही हो सके, इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता पंथी को फील्ड टेस्ट किट एवं रिफिल प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ जल के महत्व की जानकारी दी गई तथा कार्यकर्ता और सहायिका को सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की सराहना की।

### बिजली कंपनी के दो अधिकारियों का तबादला

**ग्यारसपुर।** बिजली कंपनी ग्यारसपुर के सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल गोरखेड़े एवं सहायक राजस्व अधिकारी गजेंद्र खत्री का स्थानांतरण विदिशा हो गया है। दोनों अधिकारियों ने विद्युत आपूर्ति व उपभोक्ता सेवाओं में सुधार हेतु उल्लेखनीय कार्य किए। विदाई समारोह में कर्मचारियों ने उनका सम्मान किया। उपभोक्ताओं ने भी उनके कार्यों की सराहना की। नवीन अधिकारियों ने कार्यभार संभाल लिया है।

### धरती आभा अभियान के तहत शिविर आयोजित

**ग्यारसपुर।** ग्राम नयागांव (पिपरिया दौलत) में धरती आभा अभियान के अंतर्गत आदिवासी परिवारों को योजनाओं से जोड़ने हेतु विशेष शिविर लगाया गया। 19 विभागों की सहभागिता वाले इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, आधार, समग्र केवाईसी, जाति प्रमाण पत्र और खाद्यान्न पर्ची जारी की गई। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला कल्याण जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने समस्याएं सुनकर समाधान भी किया। यह पहल आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। सरपंच, सचिव, नोडल अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**ग्यारसपुर।** बूथ क्रमांक 213 पर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर के निवास पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी ने मुखर्जी को राष्ट्रवाद का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने एक देश, एक विधान, एक निशान के लिए बलिदान दिया। महामंत्री रमेश कुशवाहा ने उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दीपक रघुवंशी, अजब सिंह राजपूत, कैलाश प्रजापति सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राघव जी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**कुरवाई।** पूर्व वित्त मंत्री राघव जी भाई के जन्मदिवस पर जिले की समस्त तहसीलों में पौधरोपण किया गया। कुरवाई के वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साहू ने बताया कि यह अभियान 1 से 8 जुलाई तक चलेगा। तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में 100 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता शामिल होकर अभियान को सफल बनाएंगे।

---

### टीएल बैठक में आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई से बढ़ा विश्वास

# कलेक्टर की मॉनिटरिंग से समय पर हल हो रहीं समस्याएं, आवेदकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की सक्रियता और नियमित निगरानी के चलते जनसुनवाई और टीएल (टाइम लिमिट) बैठक के माध्यम से प्राप्त आवेदनों और शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है।



हर मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जन आकांक्षा पोर्टल के माध्यम से मॉनीटरिंग की जा रही है, साथ ही टीएल मीटिंग में चिन्हित शिकायतों की स्वयं कलेक्टर समीक्षा कर रहे हैं।

#### आंगनबाड़ी का नल कनेक्शन पुनः शुरू

शमशाबाद के वार्ड नंबर 7 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का नल कनेक्शन दो स्थानीय व्यक्तियों द्वारा हटाकर अपने घरों में जोड़ लिया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा तुरंत नल कनेक्शन को पुनः आंगनबाड़ी में चालू किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा छेड़छाड़ पर संबंधितों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### सीमांकन की समस्या सुलझी

बासौदा तहसील के ग्राम रोजरू निवासी जयदीप सिंह की भूमि का सीमांकन विरोधी पक्ष से मिलीभगत कर न करने की शिकायत पर कलेक्टर ने त्वरित निर्देश दिए। इसके बाद आवेदक की उपस्थिति में उसकी भूमि का सीमांकन किया गया और समस्या का समाधान हुआ।

#### चरनोई भूमि से हटाया अतिक्रमण को

ग्राम चाठौली में चरनोई भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायत पर गुलाबगंज तहसीलदार ने कार्रवाई की। सीमांकन कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिससे आवेदक संदीप चौकसे को राहत मिली। इसी तरह ग्राम चितौरगया में शासकीय रास्ते पर कब्जे को हटाकर आवाजाही बहाल की गई। नपती कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया और अब रास्ता साफ हो चुका है।

- इससे पहले पूर्व कलेक्टर पंकज जैन एवं रौशन कुमार सिंह के ने भी किये थे नवाचार कर जनहित में कार्य किए थे।

#### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई

ग्राम पंचायत बामोरी शाला की सरपंच द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। कलेक्टर ने तत्काल सिरोंज एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद राजस्व विभाग ने मौके पर जाकर अवैध कब्जा हटवाया। इससे श्रद्धालुओं और पंचायत कार्यों में आ रही बाधाएं समाप्त हो गई हैं।

#### मिट्टी हटवाने की पहल

ग्राम पिपलधार के किसान खुमान सिंह यादव द्वारा नहर निर्माण से खेत में जमा हुई मिट्टी हटवाने की मांग की गई थी। इस पर जल संसाधन विभाग ने तत्काल ठेकेदार को निर्देशित किया और मिट्टी हटाने का कार्य जारी है। इसी तरह ग्राम ठर्र के निवासी छत्रपाल सिंह द्वारा सड़क मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत की मांग की गई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा रामगढ़-ठर्र मार्ग पर शोल्डर फिलिंग का कार्य पूर्ण किया गया, जिससे आमजन और स्कूली बच्चों को राहत मिली। आवेदक ने प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष जताया।

#### बढ़ रहा विश्वास

इन सभी मामलों में तेज और प्रभावी कार्रवाई से आवेदक संतुष्ट हैं और प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना कर रहे हैं। कलेक्टर के प्रयासों से जनसुनवाई में समस्याओं का समय पर निराकरण होने से जिलेवासियों का प्रशासन और जनसुनवाई प्रक्रिया पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

---

# टीनशेड ठीक कर रहे युवक की करंट लगने से हुई मौत

**पिता बोला: इसकी जिम्मेदार लापरवाह बिजली कंपनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अटारीखेजड़ा के पास मणिपुर गांव में अपने घर का टीनशेड् ठीक कर रहे 30 वर्षीय शैतान सिंह (राजा) की 11 केवी की बिजली की लाइन की चपटे में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है।

परिजनों ने बताया की घर के ऊपर से मात्र 4 फीट ऊंचाई पर बिजली की लाइन निकली है। हमने 3 बार बिजली कंपनी में शिकायत भी की। इसके बाद भी कंपनी ने लाइन की ऊंचाई नहीं बढ़ाई। इससे पहले भी बिजली की लाइन से घर में आग लग गई थी और सामान जल गया था। मृतक के छोटे भाई सत्येंद्र ने बताया कि घटना के बाद भाई को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। मगर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को सैतान सिंह का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक के पिता सुरेश सिंह ने बताया कि पहले मकान कच्चा था। पीएम आवास स्वीकृत होने पर पक्का मकान बना तो ऊंचाई बढ़ गई और 11केवी की लाइन छत से मात्र 4 से 5 फीट ही रह गई। हमने बिजली कंपनी में शिकायत कर लाइन की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन कंपनी ने कोई कार्रवाई नहीं की। रविवार को जब बेटा टीनशेड् सुधार रहा था तो बिजली की लाइन ने उसे खींच लिया और उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत का कारण बिजली कंपनी और उसके लापरवाह अधिकारी हैं।

### धरती आबा अभियान: 5 स्थानों पर शिविर आज

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन जिले में शिविरों का आयोजन शुरू हुआ है जो 30 जून तक जारी रहेगा। धरती आबा योजना के तहत मंगलवार को बासौदा विकासखंड के पांच गांव में एक साथ शिविरों का आयोजन किया गया है। बासौदा विकासखंड के मढ़ियापोनिया, अजीतपुर भडेरू, उदयपुर, ढिमरौली एवं बत्तीसा में आयोजित किया गया है।

---

### मतदाता सूची से कोई न छूटे: कलेक्टर गुप्ता

**विदिशा।** मतदाता पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिले के बीएलओ, मास्टर ट्रेनर्स एवं ईआरओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विदिशा एसडीएम कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। साथ ही, नामों की पुनरावृत्ति और त्रुटियों से बचना अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने फार्म नाम जोड़ने, नाम हटाने और संशोधन से जुड़ी प्रक्रियाओं पर प्रश्नोत्तर के माध्यम से जानकारी साझा की। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि घर-घर संपर्क कर नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभा स्तर पर बीएलओ को प्रशिक्षित करने की रूपरेखा भी तैयार की गई।

## गुणवत्ताहीन नाली निर्माण पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत

**पहले 2.5 इंच का पाइप लगाया शिकायत के बाद 4 इंच का लगा दिया**

> निर्माण कार्य में मिट्टी मिली काली रेत, जंग लगा पुराना सरिया और कम मात्रा में सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

हैदरगढ़ के गुन्नौठा गांव में करीब 5 लाख रुपए की लागत से बन रही नाली की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मिट्टी मिली काली रेत, जंग लगा पुराना सरिया और कम मात्रा में सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। कमल साहू के घर से हैंडपंप तक बन रही इस नाली में गड़बड़ी की शिकायत इंजीनियर दिनेश दांगी और सचिव देवेंद्र दांगी से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई। ग्रामीण कमल लोधी ने बताया कि पहले 2.5 इंच का पाइप लगाया जा रहा था, बाद में शिकायत पर 4 इंच का पाइप लगाया गया, जिसकी गुणवत्ता पर भी सवाल हैं।

सचिव देवेंद्र दांगी ने काली रेत के उपयोग को स्वीकारा, लेकिन उसका औचित्य साबित नहीं कर सके। ग्रामीणों को आशंका है कि जांच भी लीपापोती में बदल सकती है। अब देखना होगा कि शासन-प्रशासन इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाता है या यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा।



### 3 आरोपी दोषी करार एक-एक वर्ष की सजा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नंदिनी शुक्ला की अदालत ने मारपीट के तीन आरोपी शिवदयाल पासी, नीलेश पासी व सचिन पासी निवासी शेरपुरा को धारा 325/34 के तहत दोषी पाते हुए एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार 23 अगस्त 2017 की रात करीब 12:30 बजे मामूली विवाद को लेकर नीलेश पासी ने विमलेश पासी की मानसिक रूप से कमजोर मां को अपशब्द कहे। विरोध करने पर आरोपियों ने विमलेश और उसके परिवार पर डंडे व लोहे के पाइप से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। मामले में थाना सिविल लाइन में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा ने प्रभावी पैरवी की।

---

# कीटनाशक दुकानों पर मिली कई अनियमितताएं

**कार्रवाई करने की बजाए 3 दिन का मौका दे दिया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर में कीटनाशक दुकानों का वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में अनियमितताएं पाई गईं।

कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी ने विक्रेताओं को निर्देश दिए की वे 3 दिवस के भीतर सभी गलतियों को सुधार लें। जिसमें लाइसेंस का नवीनीकरण (रिन्यूअल) करवाना, अधिकृत कंपनियों के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बिल बुक पर कृषकों के हस्ताक्षर करवाना, जीएसटी बिल जारी करना आदि शामिल हैं।

इस दौरान श्रीनाथ कृषि सेवा केंद्र तथा बालाजी कृषि सेवा केंद्र, दोनों गुलाबगंज स्थित दुकान का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों एवं स्टॉक की जांच करते हुए स्पष्ट किया कि नियमों का पालन अनिवार्य है, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

---

### मारपीट के दोषियों को न्यायालय ने सुनाई एक वर्ष की सजा, 3600 रुपए जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जीसी शर्मा की अदालत ने मारपीट के मामले में चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 1 वर्ष का कारावास एवं कुल 3600 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला ग्राम हांसुआ, थाना सिविल लाइन क्षेत्र का है।

24 जनवरी 2018 को फरियादी भारत सिंह के घर पर आरोपी प्रदीप अहिरवार, राज अहिरवार, मंगल सिंह व उनकी पुत्रियां पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे और पत्थर फेंकने लगे। मना करने पर तलवार, डंडों से हमला कर घायल कर दिया।

बीच-बचाव करने आई फरियादी की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। मामले की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार शर्मा व प्रेमनारायण साहू ने की, जबकि न्यायालय में प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक साकेत गोयल द्वारा की गई। अदालत ने धारा 324/34 के अंतर्गत दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।

## मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नगर इकाई द्वारा सांची रोड स्थित उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने मुखर्जी के जीवन, विचारों एवं जम्मू-कश्मीर आंदोलन में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि धारा 370 और 35 ए हटाकर उनके सपनों को मोदी सरकार ने साकार किया है। सभा के बाद पौधरोपण किया गया तथा नगर के सभी वार्डों में कार्यक्रम आयोजित हुए। संचालन दिनेश कुशवाह एवं आभार प्रदर्शन प्रशांत खत्री ने किया।



### घरेलू हिंसा और पोषण विषय पर दी जानकारी

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सोमवार को ग्यारसपुर में मिशन शक्ति योजना अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभाग के मुकेश ताम्रकार ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना की पात्रता, उद्देश्य और इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाली सहायता सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोगिता और आवश्यकता पर भी जानकारी दी गई। जिला समन्वयक मनीषा निम्बोलकर ने पोषण ट्रैकर से संबंधित जानकारी दी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान बताए। सहायक समन्वयक प्रज्ञा भुर्जी ने पोषण ट्रैकर की भूमिका और एफआरएस व ई-केवाईसी से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की। पर्यवेक्षक प्रतिज्ञा चौरसिया ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मिशन वात्सल्य के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर बल दिया।

---

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन, सीएस स्तर पर प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही करने वाले अफसरों की तैयार करो सूची: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में लंबित आवेदनों और विशेष अभियानों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन और सीएस स्तर पर प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एल-1 स्तर पर आवेदनों का त्वरित निराकरण हो तथा आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति और स्तर की जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाए।



**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

कलेक्टर ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं ताकि उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। जिले में 62 हजार 597 कार्ड बनाए जाने हैं, जिनमें से अब तक 28 हजार 492 कार्ड बन चुके हैं। शेष के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह पीव्हीटीजी वर्ग के 30 हजार 901 पात्रों में से 22हजार 329 को कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धरती आबा योजना के शिविरों में शेष वंचितों के कार्ड प्राथमिकता से बनाए जाएं। कलेक्टर ने ग्रामों में आयोजित हो रहे शिविरों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिविरों में मौजूद रहकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। एक माह बाद पुनः फॉलोअप शिविर आयोजित कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

#### पौधरोपण के अभियान को लेकर दिए निर्देश

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 30 सितंबर तक सभी विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने कार्यालय परिसर और घर के आसपास पौधे लगाएं और अपनी माता के साथ पौधरोपण करते हुए फोटो पोर्टल पर अपलोड करें। कलेक्टर ने पोषण संजीवनी अभियान, बाढ़ नियंत्रण की कार्ययोजना तथा कंट्रोल रूम संचालन की भी समीक्षा की। कृषि में ड्रोन उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन को अधिक से अधिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि ड्रोन पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। बैठक में नवाचारों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

## ज्वेलरी एग्जिबिशन में विदिशा के संगठन की रही महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कान्हा फन सिटी में दो दिवसीय ऐतिहासिक ज्वेलरी एग्जिबिशन का आयोजन हुआ। उद्घाटन समारोह में खेलमंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि और भाजपा नेता मनोज कटारे विशेष अतिथि रहे।

प्रदेश के 40 जिलों से आए लगभग 1 हजार व्यापारियों ने भाग लिया। मुंबई की मॉडलों द्वारा आयोजित फैशन शो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साहूकार कानून के सरलीकरण की घोषणा की। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के समक्ष व्यापारियों ने शस्त्र लाइसेंस की मांग रखी। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने परंपरागत व्यापार को डिजिटल युग में सशक्त बनाने पर जोर दिया। अध्यक्ष पंकज अरोड़ा और महामंत्री नितिन केडिया उपस्थित रहे। महामंत्री राजेश सोनी खुबाल के अनुसार विदिशा सर्राफा की उल्लेखनीय भूमिका रही। अध्यक्ष संजय चौधरी सहित व्यापारी शामिल हुए। 2500 व्यापारियों ने नए डिजाइनों और तकनीकी के साथ भविष्य की व्यापारिक योजनाओं को दिशा दी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3200
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2689
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2442
उच्चतम भाव-2442
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5601
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3522
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-4000
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6770
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7390
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2760
उच्चतम भाव-4880
मूंग
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-7220
उड़द
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5920
बटरी
न्यूनतम भाव-2910
उच्चतम भाव-3925
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2260

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5808 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# नाबालिग से बलात्संग करने वाले को 20 साल की सजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

न्यायालय अनुराग द्विवेदी प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित करने की सजा सुनाई गई है। पैरवीकर्ता अधिकारी दिनेश कुमार असैया के द्वारा बताया गया कि दिनांक 12/6/24 को थाना आनंदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 11/6/24 को शाम लगभग 4 बजे पीड़िता शौच करने नदी के पास गई थी। उस समय वहां कोई नहीं था, तभी आरोपी आया और उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। अभियोक्त्री की सूचना पर थाना आनंदपुर में अपराध पंजीबद्ध हुआ। न्यायालय में अभियोक्त्री एवं अन्य आवश्यक साक्षीगणों के कथन कराए गए। एडीपीओ के तर्को एवं प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होकर न्यायालय द्वारा प्रकरण में अभियुक्त को दोष सिद्ध पाया गया तथा 20 वर्ष की सजा एवं 5000 रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक गोसिया सुल्तान द्वारा की गई तथा प्रकरण के शीघ्र निराकरण के लिए आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# मिनी ट्रक चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ग्राम पचमा में दोपहर के समय मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गया था। इस दौरान स्कूटी सवार युवती 20 वर्षीय श्वेता रघुवंशी निवासी सलोई गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल युवती को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए युवती को विदिशा रेफर कर दिया। देहात पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फ्लिप कार्ट इंदौर का मिनी ट्रक सामने से आ रहा था। ट्रक का स्टेयरिंग नट खराब हो गया। जिससे मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे फर्शियों और बिजली के खंभे से टकरा गया, जिससे खंभा टूट गया। उसी समय श्वेता स्कूटी से वहां से गुजर रही थी और मिनी ट्रक की चपेट में आ गई। इस दौरान स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, राहगीरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। देहात पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया है तथा कार्रवाई जारी है।

### प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुए आयोजन

# श्रद्धाभाव के साथ मना डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस नगर में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम एलबीएस कॉलेज के पास उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया। इसके अलावा विभिन्न वार्डों एवं कार्यालयों में भी उनके बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।





भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गंजबासौदा में एलबीएस कॉलेज के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। इस अवसर पर बताया कि श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए माँ भारती के श्रीचरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक, शिक्षाविद और प्रखर राष्ट्रवादी थे। उनका कृतित्व और व्यक्तित्व करोड़ों देशभक्तों के लिए प्रेरणादायक है। उधर वार्ड क्रमांक 9, 18 और 14 सहित अनेक वार्डों एवं बूथ केन्द्रों पर भी बलिदान दिवस के कार्यक्रम आयोजित हुए और भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, डॉ राकेश जादौन, पूर्व नपाध्यक्ष मोहन भावसार, मनोज यादव, सरिता जैन, पार्षद नीलू चौबे सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवांकुर विद्यापीठ की पूर्व छात्रा रोशनी वैष्णव पर्यवेक्षक नियुक्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ की पूर्व छात्रा रोशनी पुत्री महेश वैष्णव महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के पद पर चयनित हो गई है। रोशनी ने कर्मचारी चयन बोर्ड मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित परीक्षा में संपूर्ण मध्य प्रदेश से ओबीसी वर्ग में प्रथम रैंक हासिल की और इस पद पर नियुक्त की गई। रोशनी ने नर्सरी कक्षा से कक्षा 12 तक नवांकुर में अध्ययन किया, उच्चतर माध्यमिक परीक्षा वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण की। एलबीएस कॉलेज से बी कॉम तक शिक्षा प्राप्त की है। रोशनी ने बताया कि वह विगत डेढ़ वर्ष से एमपीपीएससी की तैयारी कर रही हैं, भविष्य में रोशनी डिप्टी कलेक्टर बनना चाहती हैं। रोशनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है।

विद्यालय परिवार ने रोशनी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया दौरा



**गंजबासौदा।** सोमवार को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा का नगर प्रवास हुआ। इस दौरान संघ के मध्य भारत प्रांत सह प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचकर उनके पिता कमल किशोर श्रीवास्तव के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी के निवास पर पहुंचकर भाजपा नेताओं एवं अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इसके बाद वे भोपाल के लिए रवाना हो गए।

# सभागृह में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस पटवारी सभागृह में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार ने की। उन्होंने मातृ शिशु स्वास्थ्य, एमसीडी, राष्ट्रीय परिवार कल्याण, क्षय नियंत्रण, मलेरिया नियंत्रण, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। डॉ रामहित कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने पद की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों और सीएम हेल्पलाइन के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा गया। बैठक के बाद अस्पताल के वार्डों की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। नवनिर्मित अस्पताल पुरानी मंडी का भी जायजा लिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं और समस्याओं को लेकर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमेंद्र तिवारी से चर्चा की गई। डॉ रामहित कुमार 30 जून के बाद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार संभालेंगे। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीरता समझाते हुए लक्ष्य पूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी। सभी को अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह बनाया गया।

# योग गुरु सहित अनेक लोगों का हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शहर वाचनालय पाठक संघ व सदाशिव राव पिंगले सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ख्याति प्राप्त योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी एवं संगीतकार डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. अशोक रोहले व तबला वादकों प्रथमेश भाटे, शौर्य शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार सुनील बाबू पिंगले ने बताया योग भारत की प्राचीन विद्या है, इसके माध्यम से हम निरोग रहकर लंबी उम्र प्राप्त कर सकते हैं। संगीत के माध्यम से दिल को सुकून मिलता है। अभिषेक शर्मा ने बताया योग के प्रचार-प्रसार के लिऐ योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत पहचान बन गए है। इस अवसर पर पर कैलाश नामदेव, विजय अरोरा, अमित सोनी, मुन्ना महाराज, राम मोहन सिंह, नंद किशोर सोनी ने अपने विचार व्यक्त किऐ। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने तथा आभार सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

### अनेक ट्रेन आई विलंब से, रेल यात्री हुए परेशान

**गंजबासौदा।** सोमवार को दिल्ली से भोपाल की ओर जाने वाली अनेक ट्रेन बिलंव से आईं, जिस कारण अनेक रेल यात्रियों को कई घण्टों तक प्लेटफार्म पर बैठकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। बीना से चलकर भोपाल की ओर जाने वाले मेमू ट्रेन, बिलासपुर एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस आदि ट्रेन कई घंटे तक देरी से चलीं। जिस कारण से रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।




### दो दिन से चल रहा बारिश का दौर

**गंजबासौदा।** सोमवार को दूसरे दिन भी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश का दौर रुक रुक कर दिन भर चलता रहा। जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं वहीं मौसम में ठण्डक घुल गई। कभी रिमझिम बारिश तो कभी तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। ज्ञात हो कि रविवार को रात भर रुक रुक कर बारिश का दौर चलता रहा। वहीं सोमवार को भी बारिश होती रही। लगातार बारिश होने से किसान अब खरीफ फसल बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। किसान खाद, बीज एकत्रित कर रहे हैं। अब किसानों को एक बार अच्छी बारिश का इंतजार है।



### तीन साल तक 80 हजार रुपए तक मिलेगी शिक्षण शुल्क

# सैण्ट एसआरएस के चार विद्यार्थियों को मिलेगी स्कालरशिप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के चार होनहार छात्र-छात्राओं का विज्ञान मंथन स्कालरशिप के लिए चयन किया गया है। योजना के तहत कक्षा 11 व 12 में उनकी शिक्षण शुल्क अधिकतम एक हजार रुपये मासिक तक शासन द्वारा जमा की जाएगी व कालेज में 80 हजार रुपये मिलेंगे। संस्था के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश शासन एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टैक्नालॉजी विज्ञान भवन भोपाल द्वारा कक्षा नौ से बारह के छात्रों के लिए विज्ञान गतिविधियों एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान मंथन यात्रा शुरू की जाती है। इसमें संस्था के सर्वाधिक 32 छात्र एवं एक विज्ञान शिक्षिका का चयन हुआ था। दिल्ली चंडीगढ़ के वैज्ञानिक संस्थानों की यात्रा कराई थी। भोपाल विज्ञान भवन में विज्ञान मंथन स्कालरशिप के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। स्कालरशिप परीक्षा उपरांत संस्था की मुस्कान जाटव कक्षा दसवीं, निकिता विश्वकर्मा कक्षा दसवीं, वैष्णवी भार्गव कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवी से महत्व शर्मा का स्कालरशिप के लिए चयन किया गया है। सोमवार को सभी चयनित चारों छात्रों का संस्था में अभिनंदन किया गया। विज्ञान प्रभारी डॉ कमला चतुर्वेदी ने बताया कि एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टेक्नालॉजी विज्ञान विभाग द्वारा अगले तीन सालों तक प्रदेश के किसी भी शिक्षण संस्थान में शिक्षण करने वाले चयनित छात्रों को कक्षा 11 व 12 में शिक्षण शुल्क में प्रतिमाह एक हजार रुपये और उच्च शिक्षा में अधिकतम 60 हजार रूपये शिक्षण शुल्क और 20 हजार रुपये प्रोजेक्ट वर्क हेतु प्रदान की जाएगी।

विज्ञान मंथन स्कालरशिप योजना में संस्था के चार छात्रों का चयन होने पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्रबंधक सुधा यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, विज्ञान प्रभारी डॉ. कमला चतुर्वेदी, डॉ विजय जैन, डॉ अमर सिंह ठाकुर, अनुज गुप्ता, कृष्णपाल सिंह चौहान, सुपार्श जैन, हेमलता शर्मा, दीपेश मीणा, दिनकर कद्रे, आकाश साहू, लोकेन्द्र राजपूत, विक्रांत सोनी, अजय विश्वकर्मा, सोनू राय, सोहेल अंसारी, कुंती राव सहित सभी शिक्षक परिवार ने विज्ञान मंथन स्कालरशिप चयन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में ककरावदा के कुंभकरण को मिनिटो में मिला आयुष्मान कार्ड

गंजबासौदा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बासौदा विकासखण्ड की ककरावदा में रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त शिविर में अनेक हितग्राहियो को मौके पर लाभांवित किया गया, जिसमें कुंभकरण भी शामिल है। लाभांवित होने वाले हितग्राही कुंभकरण पुत्र कल्लू आदिवासी ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य पूर्ण कराने पर मौके पर आयुष्मान कार्ड बनने की पावती रसीद आवेदक को प्रदाय की गई है। इस दौरान हितग्राही कुंभकरण को आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले इलाज की सुविधा से भी अवगत कराया गया है। लाभांवित होने वाले हितग्राही कुंभकरण ने बताया कि शासन की अनेक योजना जैसे राशन, बच्चो को स्कूल में कॉपी किताबो के साथ-साथ ड्रेस मिली है। उन्होंने मजदूरी के लिए बने श्रम कार्ड से होने वाले फायदो को भी जाना है। वहीं शिविर में 11 माह की अपनी बेटी रागिनी को लेकर मालती आदिवासी पहुंची और अधिकारियों से हकपूर्वक कहने लगे कि मेरी बेटी का आधार कार्ड बनवाना है। जागरूकता का यह असर हुआ कि अविलंब आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई दल के सदस्यों द्वारा पूरी कर प्रतिलिपि उपलब्ध कराई गई है। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने ग्राम के 46 नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया है और उन्हें आवश्यक दवाईयां प्रदाय की गई है इसके अलावा गर्भवती माताओं और बच्चो का टीकाकरण और खून की जांच का परीक्षण कर एनीमिया से ग्रस्त पाए जाने वालो को रक्त बढाने के लिए आवश्यक दवाईयां निःशुल्क प्रदाय की गई है।

# वाहनों के फंसने से देर तक लगा रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शहर रोड पर वाहनों के फंस जाने से पारासरी नदी के पुल से शीतला माता मंदिर के आगे तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दोपहर के समय चार पहिया वाहनों के सड़क पर फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। जाम के चलते सड़क पर दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोग जाम हटने के इंतजार में खड़े रहे। जाम लगने के कारण पैदल राहगीर, दुकानदारों, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि सड़क किनारे दो पहिया वाहन चालकों एवं हाथ ठेला वालों द्वारा अव्यवस्थित ढंग से अपने वाहन और हाथ ठेले खड़े कर लिए जाते हैं। जिससे आए दिन जाम लगता है।

**खबर संक्षेप**

## सेमिनार एवं अखिल भरतीय मुशायरा सिरोंज में आज

**सिरोंज।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी,संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा ह्लफुलवारीह्ल के अंतर्गत सेमिनार एवं अखिल भरतीय मुशायरा आज सायं 7.00 बजे, शालीमार गार्डन, नयापुरा, सिरोंज में आयोजित जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि ये कार्यक्रम ह्लफुलवारीह्ल के अंतर्गत आयोजित है, जो दो सत्रों पर आधारित होगा। प्रथम सत्र में बाल साहित्यह्ल पर आधारित सेमिनार आयोजित होगा। जिसमें प्रख्यात साहित्यकार एवं शायर डॉ. सैफ़ी सिरोंजी, डॉ. उरूज अहमद, डॉ. अयाज़ असलम एवं स्तुति अग्रवाल ह्लउर्दू में बाल साहित्यह्ल विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। इस सत्र का संचालन मेहमूद मलिक द्वारा किया जाएगा। तो वही दूसरे सत्र में अखिल भारतीय मुशायरा आयोजित होगा। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर अपना कलाम पेश करेंगे। आमंत्रित शायरों में नईम अख़्तर खादमी ,डॉ सलमा शाहीन नदीम शाद अल्तमश अब्बास, सोनरूपा विशाल, हिमांशी बाबरा, मुरारी मंडल और सिरोंज से डॉ. शान फ़ख़री, डॉ. नफ़ीस तक़ी, इस्माईल साहिल, आसिफ़ सिरोंजी, इलयास रज़ा एवं असद हाश्मी के नाम शामिल हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम पंचायत मुगलसराय में सिद्ध बाबा आश्रम

# योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि यह एक जीवन शैली है: वीरेंद्र पालीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मुगलसराय में सिद्ध बाबा आश्रम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक रामकुमार नामदेव द्वारा सूर्य प्रणाम व अन्य योग क्रियाएं बताई। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सरंपच वीरेन्द्र पालीवाल ने कहा कि कहा कि योग की उत्पत्ति प्राचीनकाल में ऋषि-मुनियों द्वारा भारत में हुई थी।

योग एक प्राचीन भारतीय विद्या है। संस्कृत भाषा में योग के दो अर्थ हैं मिलना या जोड़ना और दूसरा अर्थ है अनुशासन। योग का अभ्यास हमें शरीर और मन को अनुशासन सिखाता है, यह एक आध्यात्मिक अभ्यास है। योग, शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को स्थापित करने की एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक जीवन शैली है, जो व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में, योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। योग नकारात्मक सोच को दूर करके, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है। साथ ही, योग, अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास को बढ़ाता है। योग हमें आध्यात्मिक विकास की ओर भी प्रेरित करता है। योग केवल शरीर और मन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि और परमात्मा से जुड़ने का मार्ग भी है। ध्यान, धारणा और समाधि जैसे अंग, व्यक्ति को आत्म ज्ञान की ओर ले जाते हैं और जीवन के गहरे उद्देश्य को समझने में सहायता करते हैं। आज योग को पूरे विश्व ने अपनाया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है, जो यह दर्शाता है कि योग की प्रासंगिकता केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर स्वस्थ और शांति का प्रतीक बन गया है। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष झार सिंह दांगी, राजकुमार शर्मा, शिवराज यादव सहित अनेको ग्रामीणजन मौजूद रहें।

### मानसिक शांति और तनाव प्रबंधन के लिए योग अत्यन्त महत्वपूर्ण

भाजपा मण्डल अध्यक्ष झार सिंह दांगी ने कहा कि आज के समय में तनाव, चिंता और थकावट जैसी समस्यायें आम हो गई हैं, योग का अभ्यास मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं, आत्मचिंतन को बढ़ावा देते हैं और तनाव से राहत दिलाते हैं। यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति को भी बेहतर बनाते हैं। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए योगासन का अधिक महत्वपूर्ण स्थान है। योगासन शरीर के मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं, लचीलापन बढ़ाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित योगाभ्यास से हृदय रोग, उच्च रक्त चाप, मधुमेह, पीठ दर्द आदि बीमारियों से बचाव होता है। प्राणायाम और ध्यान जैसे अभ्यास फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाते हैं और शरीर में ऑक्सीजन का संचार बढ़ाते हैं।

## सांची में जुनैद की हत्या पर मुस्लिम समाज का गुस्सा फूटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

देश में मुस्लिम समुदाय के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार, धार्मिक आधार पर हिंसा और मॉब लिंचिंग की घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया है। हाल ही का मामला रायसेन ज़िले के सांची का है, जिसने न सिर्फ़ राज्य बल्कि पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। 5 जून की रात जिला विदिशा तहसील सिरोंज निवासी जुनैद खान और उनका साथी जिला सीहोर तहसील श्यामपुर दोराहा निवासी अरमान भोपाल में रहकर पेट पालने के उद्देश्य से चार पहिया लोडिंग वाहन पर मजदूरी हम्माली करता था। 5 जून 2025 को जुनैद खान और उनका साथी अरमान लोडिंग गाड़ी से निकले थे, तभी विदिशा-कोड़ी रोड पर 15,20 लोगों ने उन्हें घेर लिया। नाम और धर्म पूछने के बाद गौ रक्षा के नाम पर बेरहमी से पीटा और एक सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें दूसरी जगह ले जाकर फिर से हमला किया गया। इलाज के दौरान 17 जून को जुनैद की मौत हो गई, जबकि अरमान अब भी मौत से जूझ रहा है। इस घटना ने इलाके में भय और ग़ुस्से का माहौल पैदा कर दिया है। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि ह्लयह सिर्फ़ एक हत्या नहीं, बल्कि पूरे समुदाय को डराने की कोशिश है। हर बार सिर्फ़ मज़हब के नाम पर खून बहाना अब बर्दाश्त से बाहर है। तो वही जमीयत उलेमा-ए-हिंद मध्य प्रदेश के नायब सदर गाजी वली अहमद चिश्ती के नेतृत्व में जमीयत उलेमा ए हिंद विदिशा जिला अध्यक्ष मुफ्ती अली अहमद क़ासमी, सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष मुफ्ती हफीज अहमद क़ासमी, जॉइंट सेक्रेटरी कारी मोहम्मद शफीक, प्रवक्ता मोहम्मद निजाम खान, सैयद मंसूर हुसैन, मोहम्मद वसीम, आमिर खान, चांद सहित एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर पहुँचा और पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। तो वही गाजी वली अहमद चिश्ती ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हम ये साफ़ कर देना चाहते हैं कि जुनैद की हत्या किसी व्यक्तिगत रंजिश का मामला नहीं, बल्कि एक सोची-समझी मॉब लिंचिंग है। फिर भी प्रशासन सिर्फ़ तीन आरोपियों को मामूली धाराओं में गिरफ़्तार कर खानापूर्ति कर रहा है क्या इसी को न्याय कहते हैं।

### दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए

वहीं जमीयत ने प्रशासन से दो-टूक शब्दों में मांग की है जुनैद की हत्या के सभी दोषियों को तुरंत गिरफ़्तार किया जाए और हल्की धाराओं की बजाय हत्या और साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही अरमान के इलाज और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए और प्रदेश में बढ़ती नफ़रत की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए।

### ‘शिक्षा हमें रोजगार देती है लेकिन साहित्य हमें संस्कार देता है, साहित्य और शिक्षा एक दूसरे के पूरक हैं’

# अखिल भारतीय शोध संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





साहित्यकार अपनी कलम से कुआं खोदें खाई नहीं, कलम का काम समाज को जोड़ना है तोड़ना नहीं, साहित्यकार को बर्तनों की तरह स्वयं को मांजना जरूरी है, मांजने से तात्पर्य स्वयं को समय के साथ रोज विकसित करना। यह उद्गार हैं वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व निदेशक मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी भोपाल के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा हिंदी भवन में आयोजित अखिल भारतीय शोध संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल निदेशक उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल ने कहा कि शिक्षा हमें रोजगार देती है परंतु साहित्य हमें संस्कार देता है, साहित्य और शिक्षा एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। आयोजन के इस प्रथम सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष नीरव ने कहा कि लघुकथा शोध केंद्र समिति साहित्य को शिक्षा से जोड़ने, साहित्य में शोध और रोजगार परक बनाने के लिए जमीनी और महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इस सत्र के एक और महत्वपूर्ण वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार आलोचक डॉ.मिथलेश अवस्थी ने साहित्य और शिक्षा के अंतर्संबंध विषय पर बोलते हुए समाज के विकास में दोनों की भूमिका और उपादेयता पर अपनी बात रखी।

### कार्यक्रम का यह उद्घाटन सत्र

*कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया,तत्पश्चात डॉ.रंजना शर्मा की सुंदर सरस्वती वंदना से कार्यक्रम आरम्भ हुआ,कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। केंद्र की निदेशक कांता रॉय ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस सत्र का आरंभ गोविंद शर्मा एवं राजश्री शर्मा द्वारा पंडित माधवराव सप्रे लिखित एक टोकरी भर मिट्टी के वाचन से हुआ। इस सत्र में लघुकथा शोध केंद्र के राष्ट्रीय संयोजक विजय जोशी ने लघुकथा शोध केंद्र परिकल्पना एवं विस्तार पर अपनी बात रखी। आयोजन में केंद्र और उत्कृष्टता उच्च शिक्षा संस्थान के बीच शिक्षा और साहित्य में शोध के लिए एक एम.ओ. यू.पर हस्ताक्षर हुए। इस सत्र में डॉ देवेंद्र दीपक द्वारा अश्लीलता के विरुद्ध टूटती मर्यादाओं, बिखरते जीवन मूल्यों के लिए जिम्मेवार आज के प्रचार माध्यमों की भूमिका के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को सारे सदन द्वारा एक प्रस्ताव पारित कर प्रेषित किया गया।*

# स्टेट बैंक और टीम पहल के संयुक्त तत्वाधान में हुआ रक्तदान शिविर

### महिलाओं और पुरूषों ने बढ़चढ़ कर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय संस्था टीम पहल एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 22 जून 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा भावना और सामाजिक एकजुटता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में कुल 158 रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिनमें से 80 से अधिक नव रक्तदाता थे। जिन्होंने पहली बार रक्तदान कर समाज सेवा की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाया।

रक्तदान के बाद इन नए रक्तदाताओं ने बताया कि उन्हें आंतरिक संतोष, उत्साह और गौरव की अनुभूति हुई। शिविर में 14 महिला रक्तदाताओं की सहभागिता ने यह साबित किया कि नारी शक्ति भी सेवा के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मार्केटिंग, कम्युनिकेशन एवं सामाजिक सेवा बैंकिंग, प्रधान कार्यालय, भोपाल ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए और टीम पहल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा मेरी टीम पहल से पहली मुलाकात में ही उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण और जुनून को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह संस्था आने वाले समय में पूरे मध्यप्रदेश में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में हनुमान जी छींद धाम की तरह श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बनेगी। पुलिस विभाग से भी शिविर में सहभागिता देखने को मिली। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता एवं सब इंस्पेक्टर राम प्रसाद गोहे ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने भविष्य में हर शिविर में सहभागी बनने का संकल्प लिया। इस शिविर की एक विशेष बात यह रही कि 5 पति-पत्नी के जोड़े, 2 भाई-बहन की जोडियाँ, और 2 संयुक्त परिवारों ने सामूहिक रूप से रक्तदान कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

### राज्यमंत्री ने धर्मशाला के लिए 10 लाख की घोषणा

# सेन समाज का सम्मेलन, समाज सुधार विषयों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नर्वदा मैरिज गार्डन में सेन समाज का जिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिले के विभिन्न स्थानों से आए सेन समाज बंधुओं की उपस्थिति रही। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने वर्चुअली सम्बौधित करते हुए रखी 5 मांगो को पूर्ण करने का भरोसा देते हुए सेन समाज की धर्मशाला के विकास कार्यो के लिए 10 लाख रू. देने की घोषणा की। सेन समाज के यशवंत सराठे ने 5 मांगे रखी। सेन धर्मशाला के लिए शासकीय भूमि संत शिरोमणि सेन महाराज के नाम पर चौराहा, समाज के व्यापारियों के सेलून व्यवसाय के लिए दुकानें, धर्मशाला के उपर से निकली बिजली लाइन को हटाने की मांग रखी, जिसे राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पूर्ण करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंद किशोर वर्मा, सेन समाज संयुक्त कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरालाल श्रीवास, नपं. रायसेन के पूर्व अध्यक्ष जमना सेन, अध्यक्ष सविता सेन, बरेली नपं. के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी आदि रहे मौजूद।

### बुराईयों को दूर करे

*वक्ताओं द्वारा समाज में व्याप्त बुराईयों, कुप्रथा, रूढ़िवादिता, मृत्यु भोज, नशाखोरी, बाल विवाह इत्यादि को समूल नष्ट करने समाज में जागरूकता लाने पर जोर दिया। इन बुराईयों से दूर रह कर समाज के लोगो का विकास हो सकता है।*

# घट यात्रा और ध्वजारोहण से पंच कल्याणक महा महोत्सव प्रारंभ

### चांदी की पालकी में सवार होकर चन्द्रप्रभु ने किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली




पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं पूज्य मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज जी संसंघ की प्रेरणा और मंगल सान्निध्य में होने वाले 1008 मुनिसुब्रत नाथ जिन मंदिर के प्रतिष्ठा महा महोत्सव का प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण विनय भैया जी के प्रतिष्ठाचार्यत्व में घटयात्रा एवं ध्वजा रोहण के साथ भव्य शुभारंभ हुआ।

भव्य घटयात्रा में चांदी के विमान में और पालकी में श्री जी विराजमान थे, श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर जी से प्रारंभ होकर घटयात्रा बड़ा बाजार छोटा बाजार पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड से होते हुए पंचकल्याणक स्थल अयोध्या नगरी शक्ति नगर में पहुंची। पवित्र मंत्रोच्चार के साथ मंच शुद्धि पांडाल शुद्धि के साथ अभिषेक शांतिधारा का वाचन पूज्य मुनि श्री के श्रीमुख से संपन्न हुई, ध्वजा रोहण पुण्यार्जक परिवार द्वारा ध्वजा रोहण किया। ध्वजा के पूर्व की ओर लहराने पर इसे मंगल और सुख समृद्धि का सूचक बताया। मुनिश्री अक्षयसागर जी ने इस अवसर पर अपने संक्षिप्त प्रवचन में बताया पंच कल्याणक में आत्मा से वीतरागी परमात्मा बनने की प्रक्रिया होती है। आत्मा जिस माया मोह के बंधन में जकड़ी है, उससे मुक्त होने से आत्मा का कल्याण हो सकता है। बड़ी संख्या में जैन समाज ने उत्साहित होकर कार्यक्रम में भाग लिया। 22 जून से 28 जून तक होने वाले पंच कल्याणक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पुण्यार्जन किया जाएगा।

### संत महंत ब्राह्मणों की रही उपस्थिति

# भगवान परशुराम व सप्तऋषि मंदिर का हुआ भूमिपूजन



**बरेली।** तहसील के नर्मदा किनारे बसे ग्राम कोटपार महंत में सोमवार को क्षेत्र के संतो महंतो और ब्राम्हणों की उपस्थिति में भगवान परशुराम एवं सप्तऋषियों के मंदिर का वैदिक मंत्रो के उच्चारण विशेष पूजन के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रखर समाज सोशल वेलफेयर सोसायटी सर्व ब्राम्हण सामाजिक संगठन के प्रयासों से उक्त मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। आचार्य रजनीश ने बताया कि जिले में कही भी भगवान परशुराम एवं सप्त ऋषियों का मंदिर नहीं है। नर्मदा खंड में मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। मंदिर के भूमिपूजन अवसर पर पू. धर्मेन्द्र दास महाराज, पू. रामलखन दास महाराज, पू. बालक दास महाराज, पू. माधव दास महाराज, राष्ट्रीय कथा व्यास रत्नमणि द्विवेदी, ब्रम्हाकुमारी जयन्ती बहन, हीरा बहन की मुख्य रूप से उपस्थिति रही। भूमि पूजन - कार्यक्रम में भूमि पूजन, संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी, कमल नारायण शर्मा, प्रदीप द्विवेदी, अनवीश पालीवाल इत्यादि के द्वारा किया गया। भूमिपूजन की समस्त विधि आचार्य पं. चन्द्रकांत जी शास्त्री, हरीश शास्त्री, गणेश शास्त्री एवं रामकुमार भार्गव ने सम्पन्न कराई। भूमि पूजन कार्यक्रम में ब्राम्हण समाज के साथ अन्य समाज सेवियों की उपस्थिति रही।

### रिमझिम बारिश से गड्ढों में भरा पानी, कीचड़ से बढ़ी परेशानी

# रविवार को हुई झमाझम बारिश तो सोमवार को रिमझिम बारिश से भींगा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



रविवार को दिन एवं रात में मानसून की पहली झमाझम बारिश मौसम बदल गया। आसमान में छाये बादलों के कारण दूसरे दिन सोमवार को भी दिन भर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा और नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र बौझारो से भींगता रहा। जोरदार बारिश के असर से क्षेत्र के नदी नालो का जल स्तर भी बढन्ना शुरू हो गया है।

### सड़कों पर फैली कीचड़

सोमवार को सुबह से ही रिमझिम बारिश होते रहने से सडक़ो के गड्ढो में पानी भरने, मिट्टी रेत मिली कीचड का साम्राज्य फैल गया है। कीचड भरे रास्तो पर पैदल चलना और वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। जैसे ही बारिश थमती तो सडक़ो पर लोगो और वाहनों की भीड बढ जाती। कीचड के कारण स्कूली बच्चो और गड्ढो का पानी उचट जाने से लोगो के कपडे भी खराब होने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना करना पडा।

### नदी नालों का बढा जल स्तर

रविवार को घंटो जोरदार बारिश के असर से क्षेत्र के नदी नालो में खेतो का पानी आने से जल स्तर बढना शुरू हो गया है। भले ही बारिश का दौर बिलम्ब से शुरू हुआ, परंतु बारिश से हरियाली बढने, नलकूपों का जल स्तर शीघ्र बढने की उम्मीद जाग उठी है। आसमान में निरंतर घने वर्षा वाले बादलों का डेरा जमा रहने से बारिश की संभावना बनी हुई है।

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University | BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University | BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University | BSC Duration 3 year Affillated to: barkatullah University | B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University | ITI Fitter Copa Affillated to NCVT | B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV | D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

**खबर संक्षेप**

## नौ पुलिसकर्मियों का तबादला, विदाई



**सलामतपुर।** सलामतपुर थाने से स्थानांतरण होकर अन्य थानों में गए पुलिसकर्मियों को थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी द्वारा शाल श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे ने प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद एक ही अनुभाग में 10 वर्ष या थाने में पदस्थ रहते हुये अधिकतम 5 वर्ष पूर्ण कर चुके 165 एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक सहित आरक्षकों के स्थानांतरण किये थे। जिसमें सलामतपुर थाने से 9 पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण अन्य थानों में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान समस्त पुलिस स्टाफ के लोगों ने भी सभी को हार-फूल से भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में मौजूद थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का थाने में कार्यकाल बेदाग रहा है। और आप सभी ने अपनी कर्मठता दिखाते हुए बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है।कार्यक्रम में सभी लोगों का इतना स्नेह पाकर दीवानगंज चौकी प्रभारी एएसआई वरुण सक्सेना, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र वर्मा, सुनील लोधी, रामेश्वर प्रजापति, आरक्षक राजू चौहान, सूरज वर्मा, जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र रहकलिया और महिला आरक्षक रीना राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने दिए बसों की जांच के निर्देश

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने जिले में धरती आबा अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों, जल गंगा संवर्धन अभियान, सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों समीक्षा की। कलेक्टर ने आरटीओ जगदीश भील को स्कूल एवं कॉलेजों की बसों की जांच कर रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करें, बसों में जो खामियां हैं उन्हें बस ऑपरेटरों से पूर्ण कराएं।

## 30 जून तक केवाईसी कराएं अपडेट

**रायसेन।** अब केवायसी कराए जाने की तारीख शासन द्वारा 30 जून निर्धारित की है। जिन पात्र हितग्राहियों की केवायसी रह गई है, वह जल्द से जल्द पूरी करवा लें।अन्यथा हितग्राही राशन से वंचित हो जाएंगे। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी राजू काटोलकर ने इस बात पर जोर दिया है कि कोटेदारों से या फिर उपभोक्ताओं से कम खाद्यान्न प्राप्त होने की सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इसे लेकर उन्होंने कहा कि कोटेदार दुकान पर आने वाले खाद्यान्न को तौलकर भली प्रकार से जांच परख कर ही लें। खाद्यान्न की मात्रा कम होने पर मिलने वाले सरकारी कागज पर ही वजन को लिखकर उस पर दस्तखत करें। इस माह की 30 तारीख तक अनिवार्य रूप से करा लें।

### घरों में करते हैं हमला, नहीं हो रहा फॉगिंग दवाओं का असर

# हर तरफ मच्छरों के प्रकोप से बढ़ रहा आमजनों को बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मौसम के बदलाव के साथ ही शहर में हर तरफ मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। मच्छरों जनित कई संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। शहर में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां मच्छरों का प्रकोप ना हो। शाम होते ही मच्छरों का घरों में प्रवेश सैकड़ों की संख्या में होता है। स्थिति यह है कि मच्छर भगाने के लिए घरों में उपयोग किए जाने किए जाने वाले लिक्विड क्वाइल और मच्छर अगरबत्तियां भी अब बेअसर साबित होने लगी हैं।

इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि अपने घरों के आसपास पानी का ठहराव न होने दें और बीमारियों से बचने के लिए बताए गए ऐहतियात बरतें। वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारों द्वारा मच्छरों के खात्मे, बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। घरों की नालियां, गार्डन सहित नपा द्वारा नालों नालियों में ब्लीचिंग पावडर का नियमित छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। इस वजह से मच्छरों की संख्या में दिन दोगुना रात चौगुना बढ़ोत्तरी हो रही है। जिसके चलते संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।



फाईल फोटो

### क्यूलेक्स, इन्फ्लूऐंजा मच्छरों की संख्या ज्यादा

*मलेरिया विभाग के जानकार बताते हैं कि रिमझिम बारिश में बढ़ने वाले मच्छर क्यूलेक्स, इन्फ्लूऐंजा प्रजाति के ज्यादा हैं। जो गंदे पानी में पनपते हैं। सीवर लाइन, नालों, नालियों समेत गार्डनों में एकत्रित गंदे पानी में इनकी संख्या तेजी से पनपती है। हालांकि शहर में यह वायरस एक्टिव नहीं है। फिर भी जोखिम उठाना ठीक नहीं है। शहर में जगह जगह बने गंदे पानी के गड्ढों में मच्छरों का लार्वा भी तेजी से पनप रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रियंवदा गुप्ता ने बताया कि जिले में 14 लार्वा सर्वे टीमें गंदे पानी, घरों में पानी की टंकियां, कूलरों की जांच करने में जुटी हुई हैं।*

### मच्छरों पर फॉगिंग कीटनाशक छिड़काव का असर नहीं

आलम यह है कि मच्छरों पर फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी असर नहीं कर रहा है। शहर वासियों का कहना है कि मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए नगर पालिका परिषद को वार्डवार फागिंग मशीन से धुएं का स्प्रे कराना चाहिए। ताकि मच्छरों के प्रकोप को रोक लग सके।

### फिलहाल तापमान बढ़ने तक आमजन को राहत नहीं

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रियंवदा गुप्ता ने बातचीत में बताया कि तापमान बढ़ने तक फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने की उम्मीद है। क्यूलेक्स इन्फ्लूएंजा प्रजाति के मच्छर एक्टिव हैं जो बीमारियां फैलाते हैं। डेंगू मलेरिया के अभी तक 6 मरीज सामने आए हैं। जैसे जैसे मौसम के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी, इनसे निजात मिलेगी। नागरिकों को जिनसे बचाव सावधानी बरतने की जरूरत है।

### दवाओं का होगा छिड़काव

शहर में मच्छरों की संख्या बढ़ने का सबसे बड़ा अहम कारण मौसम परिवर्तन है। इनसे निपटने के लिए जल्द ही फॉगिंग मशीन से वार्डवार धुंआ स्प्रे कराया जाएगा। नाले नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। कार्ययोजना बन चुकी है। टीमों को निर्देशित कर काम सौंपकर छिड़काव कार्य कराया जाएगा।

*सुरेखा जाटव, नपा सीएमओ*

## सिंहपुर के किसान से हुई सात लाख की साइबर ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जहां एक ओर शासन -प्रशासन लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए कितना भी जागरूक करें और साइबर क्राइम को रोकने की कितनी भी कोशिश करें । इसके बावजूद भी साइबर क्राइम रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम सिंहपुर के किसान रामबाबू राजपूत के साथ साइबर ठगों ने ठगी करके 7 लाख 11 हजार रूपये की राशि हड़प ली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल में जुट गई है।

ताजा मामला रायसेन कोतवाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंहपुर का है जहां साइबर ठगों ने किसान रामबाबू राजपूत को फोन कर कहा कि आपका खाता बंद हो रहा है। इसको बैंक में जाकर अपडेट करवा लें और इतनी बात करते ही रामबाबू राजपूत का मोबाइल हैंग हो गया। इसके तुरंत बाद ही रामबाबू राजपूत बैंक पहुंचे तो पता चला कि उनके खाते से 7 लाख 11 हजार रुपए की राशि साइबर ठगों ने निकाल ली थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस ने लगभग 1 लाख रुपए की राशि को होल्ड करवा दिया है। बहरहाल अब देखना यह होगा कि पुलिस कैसे साइबर ठगों तक पहुंचती है। लेकिन आपको बता दें कि रायसेन जिले में साइबर ठगी का यह दूसरा बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें इतनी बड़ी राशि निकाल ली गई। इसके पहले रिटायर्ड डूडा अधिकारी प्रहलाद चावला के साथ भी ठगों ने जालसाजी करते हुए लगभग 8 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस के लिए चुनौती यह है कि वह कैसे साइबर ठगों तक पहुंचती है।

वहीं रामबाबू राजपूत के भतीजे होशियार सिंह ने बताया कि हम अपने खाते में जमा रुपयों की एफडी कराने पहुंचे तो पता चला कि खाते में रुपये ही नहीं है। इसकी जानकारी पुलिस को दी है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में एसडीओपी प्रतिभा शर्मा का कहना है कि मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल इस ठगी के मामले में हर पहलू की बारीकी से जांच पड़ताल की जाएगी। जांच के बाद जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश करेंगे।

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान अविस्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सलामतपुर मण्डल के बूथ क्र.27 ग्राम पंचायत सुनारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा संगठन प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा ने सम्मिलित होकर उपस्थित कार्यकर्ताओ के समक्ष उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तत्पश्चात पौधरोपण किया। डॉ मुखर्जी की विचारधारा, साहस और बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रण को पूर्ण किया है। राष्ट्र सर्वोपरि का उनका संकल्प हम सभी लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम को विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, शेर सिंह राजपूत, गंगाराम चौकसे, मनोज अग्रवाल दीवानगंज, दिलीप मालवीय, श्रवण मालवीय, हरीश मालवीया, बल्लभ अग्रवाल, कप्तान सिंह, संजीव यादव, रवि अग्रवाल, रामू लखपति, भूरा चौरसिया, रणधीर दांगी, बंटी मालवीय आदि मौजूद रहे।



# गुणवत्ता के खिलाफ जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के वार्ड 7 में सड़क निर्माण नूतन चौहान के घर से लेकर बृज पाल के मकान तक किया गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा कराए गए कार्य में गुणवत्ता नहीं देखी जा रही है।



इस पर नगर परिषद की महिला पार्षद एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कौशल्या साहू ने घटिया निर्माण के खिलाफ बेहद कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा कराए गए कार्य की वास्तविक स्थिति बहुत ही खराब है। एक माह में ही सड़क में गुणवत्ता की स्थिति को पूरी तरीके से स्पष्ट कर दिया है जिससे पार्षद ने निर्माण एजेंसी एवं निरीक्षण निगरानी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए जांच की मांग की है उन्होंने अपने शिकायती पत्र में कहा गया है कि निर्माण कार्य की अविलंब जांच होना चाहिए तथा निर्माण एजेंसी के बिल का भुगतान रोका जाए।


उन्होंने कहा कि अगर घटिया सड़क निर्माण की जांच नहीं की जाती है तो वह वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करेंगी।

# अब तेंदुए का मूवमेंट भदभदा घाट पर, ग्रामीण में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

तेंदुए का मूवमेंट अब भदभदा और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हो गया है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। आए दिन किसी न किसी गांव में तेंदुआ द्वारा घर में बंधे पालतू मवेशियों का शिकार करने की खबर सामने आ रही हैं। पिछले 1 साल से लगातार कहीं ना कहीं तेंदुआ द्वारा मवेशियों को अपना शिकार बनाया जा रहा है।

सोमवार को सुबह दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास स्थित भदभदा घाट पर तेंदुआ पहाड़ पर बैठा हुआ दिखाई दिया। थोड़ी देर बाद पहाड़ से नीचे उतरता हुआ भी दिखाई दिया। जिसका वीडियो महुआ खेड़ा निवासी छोटू मेहरा ने बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। कुछ दिन पहले भी तेंदुआ बरजोरपुर, नरखेड़ा, कयामपुर, संग्रामपुर ,दीवानगंज ,अंबाडी, कुलहाड़िया, यदि के पहाड़ों पर लगातार दिखाई दे रहा है यह सभी गांव एक दूसरे के पहाड़ से लगकर बसे हुए हैं। गीदगढ़ में तो दो से तीन तेंदुआ कुछ दिन पहले ही दिखाई दिए थे।



ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ की संख्या तीन से ज्यादा भी हो सकती है। क्योंकि रोज किसी न किसी पहाड़ पर तेंदुआ दिखाई दे रहा है। वन विभाग भी सतर्क है और लोगों को जागरूक करने के लिए वन विभाग ने नरखेड़ा, कुलहाड़िया के जंगल में तेंदुआ विचरण करने का एक बोर्ड भी लगा दिया है। खेत पर अकेले न जाएं और सतर्क रहें। गांव वाले जंगल में जाएं तो सतर्क होकर झुंड बनाकर जाएं।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू*
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्त : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

### पहली ही बारिश में सड़क ताल तलैयों में तब्दील

# बदहाली पर आंसू बहा रहा है चौराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर से निकले स्टेट हाइवे 44 का बजरंग चौराहा जो कि ना केवल सुबह से देर रात तक गुलजार रहता है, बल्कि इस चौराहे पर यातायात का दबाव भी अत्याधिक रहता है। चौराहे की करीब 100 मीटर की लंबाई वाली सड़क पर 50 से अधिक गडढे बन चुके हैं। इन गड्ढो में मानसूनी बारिश का पानी भरा गया है। जो कि वाहन चालकों के साथ ही पैदल राहगीरों के लिए भी खासी दिक्कत का कारण बन रहा है।



### रोजाना निकलते हैं पांच सौ वाहन

बजरंग चौराहा पर दिन व रात के समय 2 पहिया वाहन से लेकर 24 चका वाले भारी वाहनों का लगातार आवागमन होता है। बल्कि इस चौराहे से भोपाल, सागर, इंदौर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बेगमगंज, उदयपुरा, पिपरिया, गाडरवारा सहित अन्य नगरों व कस्बों के लिए यात्री बसों का संचालन होता है। इसके अतिरिक्त रेत से भरे, खाली डंपर, ट्रक, कार,जीप, ट्रेक्टर-ट्राली आदि वाहनों का आवागमन निरंतर होता है। सभी वाहन हाइवे की सड़क पर से हिचकोले खाते हुए अपने सफर के लिए निकलते हैं। इस चौराहे से दिन व रात के समय छोटे बड़े करीब 5 सौ वाहनों का आवागमन होना बताया जा रहा है।

### 2 स्टेट हाइवे की सड़क हुई क्षतिग्रस्त

नगर से दो स्टेट हाइवे क्रमशः 15 तथा 44 निकले हुए हैं। हाइवे 44 गैरतगंज से गाडरवारा तथा हाइवे 15 सागर से वाया सिलवानी होते हुए खण्डवा तक जाना बताया जा रहा है। दोनों ही हाइवे की करीब 2 सौ किलो मीटर की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई हैं। सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। एमपीआरडीसी के रख रखाव वाली सड़क वर्तमान में मरम्मत का इंतजार कर रही है। ताकि सफर सुविधा जनक हो सके।

### हर वर्ष होता है पेंचवर्क

बरसात प्रारंभ होते ही प्रतिवर्ष जिम्मेदारों द्वारा गड्ढों को मुरम, मिटटी, बजरी, गिट्टी डाल कर अस्थाई रुप से पेंच वर्क कर दिया जाता है लेकिन झमाझम बारिश से गड्ढे में डाली गई सामग्री बह जाती है, जिससे गड्ढे पुनः उभर आते हैं।

### बजरंग चौराहे पर वाहन लेते हैं हिचकोले

बजरंग चौराहा से निकलने वाले वाहन हिचकोले खाते हुए निकलते हैं। लेकिन अधिकारी हो या जन प्रतिनिधि किसी ने भी सड़क की मरम्मत कराए जाने को लेकर गंभीरता नही दिखाई। नागरिक सवाल कर रहे हैं कि आखिर इस चौराहे का दशा कौन सुधारेगा।